आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 24.08.2024
समय : 01:00 पी.एम.

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और संसाधनों का अंधाधुंध दोहन हमारी धरती को दिन–प्रतिदिन कमजोर बना रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे में हम सभी का कर्तव्य है कि मिलकर पर्यावरण को बचाने के लिए सार्थक प्रयास करें। मुख्यमंत्री ने ये बात आज सुबह जयपुर के एसएमएस स्टेडियम से पर्यावरण सरंक्षण के लिए आयोजित साइकिल रैली समारोह में कही। इससे पहले श्री शर्मा ने रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रकृति को बचाने के लिए बदलाव की शुरूआत हमें स्वयं से ही करनी होगी। श्री शर्मा ने कहा कि हम सबका यह सामूहिक दायित्व है कि हम पर्यावरण का संरक्षण करें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी प्रदेशवासियों से प्रकृति को नुकसान नहीं पहुंचाने और पर्यावरण के संरक्षण की अपील भी की। साथ ही उन्होंने सभी से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने का भी आह्वान किया ।

जयपुर हेरिटेज नगर निगम की ओर से आज युवा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। एक निजी स्कूल में होने वाले इस कार्यकम में युवाओं के साथ संवाद कर सेंस्टनेबल सिटी के बारे में चर्चा की जाएगी। हेरिटेज निगम के जिला परियोजना अधिकारी अमित शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में 50 से अधिक एनजीओ शामिल होंगे। इस दौरान कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। जिसमें स्कूली छात्र और कलाकार बैंड वादन करेंगे। वहीं स्वयं सेवी सहायता समूह और हेरिटेज निगम की ओर से स्टॉल भी लगाई जाएगी।

जयपुर के अराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में 26 अगस्त को जन्माष्टमी का पर्व बड़े धूम धाम से मनाया जायेगा। मंदिर महंत अंजन गोस्वामी ने बताया कि अगले दिन शाम को भगवान की आरती के बाद भगवान को नगर भ्रमण कराने के लिये शोभायात्रा निकाली जायेगी। यह यात्रा जलेबी चौक, हवामहल बाजार, बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार, बापू बाजार, चौड़ा रास्ता, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, चांदपोल बाजार, और बगरू वालों का रास्ता होते हुए मंदिर श्री गोपीनाथ जी तक पहुंचेगी। शोभायात्रा में 22 झांकियां शामिल होंगी, जिनमें हाथी, ऊंट, घोड़े, बैल की सवारी, कीर्तन मंडल और बैंड शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सवेरे ग्यारह बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम की यह 113वीं कडी होगी। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन. ए. आई. आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी प्रादेशिक भाषाओं में भी इसका प्रसारण करेगा।

कल अपने माता–पिता के साथ आमेर घूमने आई बच्ची का शव आमेर के मावठा सरोवर में मिला है। ये बच्ची कल घूमने के दौरान वह लापता हो गई थी। सिविल डिफेंस और एसडीआरएफ की टीमों ने रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद बच्ची के शव को मावठा सरोवर से बरामद किया। मृतक बच्ची का शव निकालकर आमेर अस्पताल में रखवाया गया है।

भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी शिखर धवन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी तीनों प्रारूपों से सन्यास लेने की घोषणा की है। सोशल मीडिया पोस्ट में एक वीडियो संदेश में धवन ने कहा कि वे क्रिकेट की अनगिनत यादे अपने साथ ले जा रहे हैं। उन्होंने फैंस के प्यार और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। धवन ने भारत के लिए अपना आखिरी एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच दिसम्बर 2022 में बांग्लादेश के साथ खेला था। धवन ने 2010 से 2022 तक 34 टेस्ट, एक सौ 67 एकदिवसीय और 68 ट्वेंटी–ट्वेंटी क्रिकेट मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया। धवन ने बताया कि वे घरेलू क्रिकेट से भी सन्यास ले रहे हैं।

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में पूर्वी राजस्थान के अनेक स्थानों और पश्चिमी राजस्थान के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा तथा जयपुर, धौलपुर, उदयपुर, राजसमन्द, चितौड़गढ़, कोटा, झालावाड़ और पाली जिलों में कहीं–कहीं भारी तथा बांसवाडा, सिरोही जिलों में कहीं–कहीं अतिभारी बारिश दर्ज की गई है। पूर्वी राजस्थान में सर्वाधिक बारिश भीलवाड़ा के भूंगड़ा में 13 सेंटीमीटर और पश्चिमी राजस्थान के पाली के मारवाड़ जंक्शन में साढ़े सात सेंटीमीटर दर्ज की गई।